# शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय,रायगढ़(छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 द्वारा स्थापित राजकीय विश्वविद्यालय)

**गढ़उमरिया, ओड़िशा रोड़, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001**

ई–मेल–registrarsnpv@gmail.com, वेबसाईट- https://snpv.ac.in


क्रमांक 972/प्रशा./2023 रायगढ़ दिनांक 30.09.2023

प्रति,

प्राचार्य
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)

विषयः– शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ के तृतीय कुल उत्सव दिनांक 08 नवम्बर 2023 में आयोजित बौद्धिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के आयोजन के संबंध में।

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ का तृतीय कुल उत्सव दिनांक 08 नवम्बर 2023 को मनाया जाना है। इस अवसर पर बौद्धिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं (भाषण, निबंध, चित्रकला व लोकनृत्य) का महाविद्यालय, अग्रणी महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजन किया जाना है। कुल उत्सव 2023 के आयोजन से संबंधित सामान्य निर्देश एवं नियमावली आपकी ओर सादर प्रेषित है। तद्नुसार प्रतियोगिता आयोजित करना सुनिश्चित करें।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार

कुलसचिव (प्रभारी)

पृ. क्रमांक 973/प्रशा./2023 रायगढ़ दिनांक 30.09.2023

प्रतिलिपिः–

1. कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
2. प्रभारी अधिकारी, प्रशासन, शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ।
3. प्राचार्य, अग्रणी महाविद्यालय को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।
4. कार्यालय प्रति।

संयोजक
कार्यक्रम आयोजन समिति
शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय
रायगढ़ (छ.ग.)

# शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय,रायगढ़(छ.ग.)
(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 द्वारा स्थापित राजकीय विश्वविद्यालय)
**गढ़उमरिया, ओड़िशा रोड़, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001**
ई–मेल–registrarsnpv@gmail.com, वेबसाईट- https://snpv.ac.in


# कुल उत्सव 2023

## प्रतियोगिताओं का विवरण एवं नियमावली

1. **भाषण प्रतियोगिता :–**
   - **विषय –" अंतरिक्ष कार्यक्रम में भारत की उपलब्धियाँ "**
   - निर्धारित समय – 5 मिनट
   - अंक विभाजन **कुल अंक 25** (विषय वस्तु– 15 अंक, प्रस्तुतिकरण 10 अंक)
   - वक्तव्य व्यक्तिगत, राजनीतिक, सामाजिक एवं धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला नहीं होना चाहिए।
2. **निबंध प्रतियोगिता :–**
   - **विषय –" विकसीत राष्ट्र बनाने में महिलाओं का योगदान "**
   - शब्द सीमा 1000 शब्द
   - निबंध A4 साईज के पेपर में लिखना है।
   - निर्धारित समय – 30 मिनट
   - निबंध लेखन हेतु पेपर आयोजकों द्वारा प्रदान किया जावेगा।
   - लेख व्यक्तिगत, राजनीतिक, सामाजिक एवं धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला नहीं होना चाहिए।
   - अंक विभाजन **कुल अंक 25** (विषय वस्तु– 15 अंक, प्रस्तुतिकरण 10 अंक)
3. **चित्रकला प्रतियोगिता :–**
   - **विषय –" छत्तीसगढ़ के तीज त्यौहार "**
   - ड्राईंग सीट आयोजकों द्वारा प्रदान की जावेगी। पेंसिल व कलर प्रतिभागियों को स्वंय ही लेकर आना होगा।
   - निर्धारित समय – 01 घण्टा
   - अंक विभाजन **कुल अंक 25** (विषय वस्तु – 15 अंक, रंग संयोजन 05 अंक, कलात्मक पक्ष– 05 अंक)
4. **लोकनृत्य प्रतियोगिता :–**
   - **विषय – पंथी नृत्य/करमा नृत्य/सुआ नृत्य (तीनों में से कोई एक)**
   - नृत्य सामूहिक रहेगा। समूह के सदस्यों की अधिकतम संख्या 16 होगी।
   - नृत्य प्रस्तुति के दौरान रंग व ज्वलनशील अथवा अन्य आपत्तिजनक पदार्थो का उपयोग वर्जित है।
   - निर्धारित समय –07 मिनट का रहेगा, जिसमें मंच साज–सज्जा का समय भी शामिल है।
   - अंक विभाजन **कुल अंक 30** (विषय वस्तु – 10 अंक, वेशभूषा 05 अंक, तालमेल – 05 अंक स्वयं के गायन एवं वाद्य यंत्र पर – 05 अंक, भाव भंगिमा – 05 अंक)

डॉ. सुशील कुमार एक्का
संयोजक
प्रतियोगिता संचालन समिति
शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय,रायगढ़ (छ.ग.)

# शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय,रायगढ़(छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 द्वारा स्थापित राजकीय विश्वविद्यालय)

गढ़उमरिया, ओड़िशा रोड़, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001

ई–मेल–registrarsnpv@gmail.com, वेबसाईट- https://snpv.ac.in


# कुल उत्सव 2023

## प्रतियोगिता संचालन संबंधी सामान्य निर्देश

### समस्त प्रतियोगिताएँ निम्नानुसार तीन चरण में संपादित होगी –

1. **प्रथम चरण** में महाविद्यालय स्तर पर दिनांक 06.10.2023 व 07.10.2023 को प्रतियोगिताएँ आयोजित होगी। जिसमें महाविद्यालय के नियमित अध्ययनरत छात्र–छात्राएँ भाग लेगें। प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी का चयन किया जायेगा। चयनित प्रतिभागियों की सूची दिनांक 08.10.2023 को अग्रणी महाविद्यालय को अनिवार्यतः प्रेषित करेगें।
2. **द्वितीय चरण** में अग्रणी महाविद्यालय, किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ एवं ठाकुर छेदीलाल शासकीय महाविद्यालय जांजगीर के निर्देशन में 10.10.2023 से 13.10.2023 को आयोजित होगी। जिनमें महाविद्यालयीन स्तर पर चारों विधाओं के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी भाग लेगें। अग्रणी महाविद्यालय के द्वारा चारों विधाओं में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों का चयन किया जावेगा। अग्रणी महाविद्यालय प्रत्येक विधा से प्रथम तीन प्रतिभागियों का नाम विश्वविद्यालयीन आयोजन समिति को दिनांक 14.10.2023 तक प्रेषित करेंगे।
3. **तृतीय चरण** में विश्वविद्यालय स्तर पर दिनांक 19.10.2023 को रायगढ़ में निम्न महाविद्यालयों में आयोजित होगी –
   1. भाषण प्रतियोगिता – के.एम.टी. शासकीय कन्या महाविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)
   2. निबंध प्रतियोगिता – किरोडीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)
   3. चित्रकला प्रतियोगिता – किरोडीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)
   4. लोक नृत्य – शासकीय पी.डी. वाणिज्य एवं कला महाविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)
4. प्रत्येक विधा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्तकर्त्ता प्रतिभागियों को शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ के **कुल उत्सव** दिनांक 08.11.2023 को पुरस्कृत / सम्मानित किया जावेगा।
5. एक प्रतिभागी एक ही विधा में भाग ले सकता है।
6. प्रतियोगिता संचालन संबंधी वित्तीय जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय की होगी।
7. प्रतियोगिताओं का आयोजन महाविद्यालय द्वारा सुविधानुसार प्रातः 11:00 से सांय 04:00 बजे के मध्य किया जावें। जिसकी व्यापक सूचना महाविद्यालय द्वारा प्रसारित की जाएगी।
8. निर्णायकों का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
9. अग्रणी महाविद्यालय द्वारा चयनित प्रथम तीन प्रतिभागियों (प्रत्येक विधा) हेतु प्रेषित की जाने वाली सूची का प्रारूप :–

| क्रमांक | विधा का नाम | प्रतिभागी का नाम | कक्षा | महाविद्यालय का नाम | व्हाटस–एप मोबाईल नं. |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

डॉ. सुशील कुमार एक्का

संयोजक

प्रतियोगिता संचालन समिति

शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)